# साइबर साक्षरता की बढ़ी आवश्यकता : नार्वेकर



■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. डिजिटल युग में लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा और नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए साइबर साक्षरता की आवश्यकता काफी बढ़ गई है. यह कहना है विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का. वे व्हाट नाऊ के सौजन्य से वाई.बी. चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित साइबर कॉन्क्लेव में बोल रहे थे. कॉन्क्लेव में 22 कॉलेजों के 700 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया. कॉन्क्लेव में वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, विधि विशेषज्ञों और युवाओं ने भाग लेकर साइबर जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा एवं उभरते साइबर खतरों पर विचार-विमर्श किया. कार्यक्रम का नेतृत्व व्हाट नाऊ की संस्थापक नीति गोयल और सह-संस्थापक अक्षत खेतान ने किया. महाराष्ट्र के एडीजीपी यशस्वी यादव ने विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा. राजनीतिक नेता एवं विधि विशेषज्ञ शाइना एनसी ने कानून, प्रौद्योगिकी और साइबर अपराध के अंतर-संबंध पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के बीच मजबूत कानूनी साक्षरता व जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया.